समाचार

# दर्री एस.एल.आर.एम.सेंटर का महापौर ने किया निरीक्षण

## (व्यवस्था पर जाहिर की प्रसन्नता, स्वच्छता दीदियों से भेंटकर की उनके कार्यो पर चर्चा)




कोरबा 13 अगस्त 2020 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दर्री जोनांतर्गत दर्री थाने के पीछे स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया, उन्होने सेंटर की स्वच्छता व समुचित व्यवस्था पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए वहां कार्यरत स्वच्छता दीदियों की प्रशंसा की तथा उनसे भेंट कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो पर चर्चा करते हुए उनका आवश्यक मार्गदर्शन किया। महापौर श्री प्रसाद ने सेंटर के समीप गोठान निर्माण के संबंध में स्थल का भी निरीक्षण किया।

महापौर श्री प्रसाद ने बुधवार को दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 52 दर्री थाने के पीछे स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ दौरा किया, उन्होने सेंटर के बाहरी परिसर एवं अंदर की व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया तथा कचरे के पृथकीकरण एवं उसके प्रबंधन पर किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। एस.एल.आर.एम.सेंटर की साफ–सफाई तथा वहां की बेहतर व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए महापौर श्री प्रसाद ने वहां पर कार्यरत सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों की प्रशंसा की, उन्होने स्वच्छता दीदियों से भेंटकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो पर विस्तार से चर्चा की तथा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण कार्य को बेहतर रूप में संपादित कराने के संबंध में उनका आवश्यक मार्गदर्शन किया। महापौर श्री प्रसाद ने उक्त एस.एल.आर.एम.सेंटर के समीप गोठान निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुनील पटेल, निगम के कार्यपालन अभियंता

ए.के.शर्मा, ब्लाक कांग्रेस दर्री के अध्यक्ष सुधीर जैन, पूर्व एम.आई.सी.सदस्य मनकराम साहू, राजीव कांग्रेस संगठन अध्यक्ष राहुल यादव, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ जिला कोरबा शहर अध्यक्ष बंटी शर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।